दैनिक सवेरा 30/5/25

# युवाओं को तंबाकू उत्पादों के प्रभावों के बारे में किया जागरुक




पुरस्कृत करते हुए।

**सवेरा न्यूज/नीना**

चंडीगढ़, 29 मई : विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जीजीडीएसडी कॉलेज में जनरेशन सेवियर एसोसिएशन (जीएसए), जीजीडीएसडी एलुमनाई एसोसिएशन (एसडीएएसी) और कॉलेज के विक्ट्री अगेंस्ट ड्रग एब्यूज (वाडा) क्लब के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व तंबाकू निषेध दिवस, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नेतृत्व में एक वैश्विक अभियान है, जिसका इस साल का थीम है अनमास्किंग द अपीलः एक्सपोजिंग इंडस्ट्री टैकटिक्स आन टोबेको एंड निकोटीन प्रोडक्ट्स। इस कार्यक्रम में ट्राईसिटी के 20 से अधिक स्कूलों ने हिस्सा लिया, जिनके स्टूडेंट्स ने पहले भी इसी विषय पर जीएसए द्वारा आयोजित 29वीं वार्षिक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया था। इसमें एक हजार से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। कॉलेज के मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान चयनित विजेताओं और प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया और सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू के सेवन के हानिकारक परिणामों के बारे में जागरूकता बढ़ाना न केवल एक स्वास्थ्य पहल है, बल्कि यह एक नैतिक जिम्मेदारी भी है। इनमें तंबाकू नियंत्रण, दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र, वाइटल स्ट्रैटेजीज के डॉयरैक्टर डॉ. राणा जे. सिंह और पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट एडवोकेट सरतेज सिंह नरूला शामिल थे।

अर्थ प्रकाश 30/5/25

# युवाओं को तंबाकू और निकोटीन उत्पादों के हानिकारक प्रभावों के बारे में किया जागरुक



**युवाओं को तंबाकू और निकोटीन उत्पादों के हानिकारक प्रभावों के बारे में किया गया जागरुक**

**अर्थ प्रकाश संवाददाता**

**चंडीगढ़।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2025 के उपलक्ष्य में सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में जनरेशन सेवियर एसोसिएशन (जीएसए), जीजीडीएसडी एलुमनाई एसोसिएशन (एसडीएएसी) और कॉलेज के विक्ट्री अगेंस्ट ड्रग एब्यूज (वाडा) क्लब के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से युवाओं में तंबाकू और निकोटीन उत्पादों के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया था। विश्व तंबाकू निषेध दिवस, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नेतृत्व में एक वैश्विक अभियान है, जिसका इस साल का थीम है 'अनमास्किंग द अपील-एक्सपोजिंग इंडस्ट्री टैकटिक्स आन टेबेको एंड निकोटीन प्रोडक्ट्स।' इस कार्यक्रम में ट्राईसिटी के 20 से अधिक स्कूलों ने हिस्सा लिया, जिनके स्टूडेंट्स ने पहले भी इसी विषय पर जीएसए द्वारा आयोजित 29वीं वार्षिक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया था।